1.5

# NOTE FOR JUSTIFICATION FOR FOREST LAND

कार्य का नाम :– जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड भिकियासैण के अन्तर्गत सौगढ पन्तगॉव चमडखान सगीना नौगॉव लछमोला लिंक मोटर मार्ग का नव निर्माण।

जनपद अल्मोड़ा में जनपद अल्मोड़ा में सौगढ पन्तगॉव चमडखान सगीना नौगॉव लछमोला लिंक मोटर मार्ग का नव निर्माण का कार्य प्रस्तावित है। मार्ग की कुल स्वीकृत लम्बाई 3.00 किमी0 है। इस मोटर मार्ग में पड़ने वाले ग्राम सगीना को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिये यहॉ पर कोई भी लिंक मार्ग या सड़क मार्ग नहीं है जिससे यहॉ की जनता को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, अतः उक्त मोटर मार्ग का निर्माण अति आवश्यक है। इस मोटर मार्ग के लिये 2 समरेखन निर्धारित किये गये थे :–

समरेखन–1 यह समरेखन सौगढ पन्तगॉव चमडखान शैलापानी मोटर मार्ग के किमी0 4 से मोटर से प्रारम्भ होता है। जिसकी लम्बाई 3.00 किमी0 है। इस समरेखन का ग्रेड सरल है एंव अधिक जनता को लाभान्वित करता है। जिसमें आम लोगों की सहमति भी है। इस समरेखन में न्यूनतम वृक्ष एंव वन भूमि प्रभावित होती हैं। इस समरखेन के निर्माण से लागत भी कम आयेगी। इस समरेखन हेतु भू–गर्भवेत्ता द्वारा भी सहमति दी गई है।

समरेखन–2 यह समरेखन भी सौगढ पन्तगॉव चमडखान शैलापानी मोटर मार्ग के किमी0 4 से प्रारम्भ होता है इस समरेखन में वन भूमि अधिक प्रभावित होती है एंव अधिक वृक्ष भी प्रभावित होते हैं। इस समरखेन के निर्माण से लागत भी अधिक आयेगी। जिस कारण इस समरेखन को निरस्त कर दिया गया है।

उपर्युक्त दोनों समरेखनों के अतिरिक्त अन्य और कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है तथा समरेखन–1 में न्यूनतम वन भूमि प्रभावित होती है तथा वन भूमि के अतिरिक्त निर्माण हेतु कोई और विकल्प भी उपलब्ध नहीं है। अतः क्षेत्र की जनता को लाभान्वित करने हेतु परियोजना को वन भूमि में प्रस्तावित किया गया है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,
रानीखेत ।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,
रानीखेत ।

उपप्रभागीय वनाधिकारी रानीखेत
अल्मोड़ा वन प्रभाग अल्मोड़ा

वन क्षेत्राधिकारी रानीखेत
अल्मोड़ा वन प्रभाग

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा

Anand - mahesh